हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 सितंबर 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 ई-केवायसी बगैर नहीं मिलेगा नागरिकों...


07 जनजातीय कार्य विभाग ने नर्मदापुरम संभाग की...


## खबर संक्षेप

### आज वाहनों को रवाना करेंगे न्यायाधीश

**विदिशा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम आज मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर में सुबह 10.30 बजे प्रचार प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि शनिवार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार वाहनों के माध्यम से विदिशा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई

**विदिशा।** एनीमिया मुक्त भारत एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस जो कि 23 सितम्बर को संचालित किया जाएगा। जिसमें एक वर्ष से उन्नीस वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को स्कूल एवं आंगनबाड़ी में एवं 20 वर्ष से उनंचास वर्ष की प्रजनन कालिक महिलाओं को गर्भवती एवं धात्री को छोड़कर कृमि नाशिक एलबेंडाजोल की गोली प्रोटोकॉल अनुसार खिलाई जाएंगी।
बैठक में अपर कलेक्टर श्री डामोर द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें ताकि कुपोषण एवं शिशु मृत्यु, मातृ मृत्यु को कम किया जा सके।

### स्व सहायता समूह की बैठक आयोजित

**ग्यारसपुर।** प्रांतीय महिला स्वयं सहायता की अध्यक्ष सरिता ओमप्रकाश बघेल के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत के सामने स्व सहायत समूह की बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष सचिवों, रसोइयों को आ रही परेशानियों को लेकर उन्होंने अपनी बात रखी। महिलाओं ने बताया कि विभागीय सहयोग न मिलने से समूह संचालन में कठिनाई होती है। समय पर ऋण वितरण नहीं हो पा रहा है। सचिव द्वारा जमा की गई एमडीएम राशि भी समय पर समूह तक नहीं पहुंच रही। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में मांग की कि प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान दे।

### विद्यार्थी स्वयं को सुपात्र बनाएं: जयनारायण

**कुरवाई।** सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल कुरवाई में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम हुआ। शिक्षाविद् जय नारायण मेहता ने विद्यार्थियों से अपील की अगर वे अपने उच्च लक्ष्य को पाना चाहते हैं तो स्वयं को सुपात्र विद्यार्थी सिद्ध करें। यदि विद्यार्थी में अपने शिक्षक के प्रति सम्मान के साथ उनसे ज्ञान प्राप्त करने के भाव रखता है तो आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। पूर्व बीईओ एजे खान ने बच्चों को शिक्षकों से सीखा के गुर बताए हमेशा माता पिता के बाद शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलने की बात कही। बीईओ कमल सिंह बागड़ी ने कहा कि मेरा अनुभव है कि विद्यार्थी कितना भी आर्थिक रूप से मजबूर हो, आज आगे बढ़ने का बहुत अवसर है, स्कूल से बच्चे, अब बहुत आगे बढ़ रहे हैं सभी को सुविधा का लाभ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। प्रचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव द्वार सभी का आभार व्यक्त किया गया

### 300 वृद्धों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गईं

**विदिशा।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में जिला स्तरीय वृद्धजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल सर्जन महोदय डॉ. अनूप वर्मा, सभी चिकित्सा अधिकारियों, फिजियोथैरेपी विशेषज्ञों ने 300 वृद्धजनो को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की हैं। जिसमें फ्रोजन शोल्डर, बैक पेन, ओस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्कुलर इंजरी के लगभग 200 मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं। चिकित्सालय के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. राहुल मारोथिया एवं डॉ. प्रियंका सिंह द्वारा वृद्ध जनों को फिजियोथैरेपी सुविधा दी गई।

---

**होगी कार्रवाई:** जिले में 15 दिवसीय विशेष यातायात अभियान का शुभारंभ हुआ

# यातयात पुलिस की सख्ती शुरू, 22 वाहनों के चालान बनाए, जिलेभर में होगी धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सुप्रीम कोर्ट, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा 15 दिवसीय अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत सोमवार को यातायात विभाग के अमले ने वाहनों की जांच पड़ताल की। इस दौरान 22 वाहन नियम विरुद्ध पकड़े गए। जिनसे 8 हजार 800 रुपए का जुर्माना वसूला गया। यातायात प्रभारी आशीष राय ने बताया कि करीब 75 वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई।

उन्होंने बताया कि 8 से 22 सितंबर तक पूरे जिले में 15 दिवसीय विशेष यातायात अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें हो रही मृत्यु दर को नियंत्रित करना तथा आमजन में यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूकता फैलाना है।



**विदिशा।** वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए यातायात प्रभारी।



**विदिशा।** वाहनों के दस्तावेजों की जांच करता यातायात विभाग का अमला।

### अभियान के दौरान यह करेंगे जांच पड़ताल

यातायात पुलिस के अभियान के दौरान जिलेभर में एक साथ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिले भर में थानों व यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की जाएगी। जिसमें तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी और कार्रवाई के दौरान पकड़े जाने पर जुर्माने की कार्रवाई और वाहन जब्त भी किया जा सकता है। वहीं गलत दिशा से वाहन चलाना सहित ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों की भी धरपड़क होगी। इसी तरह बिना रजिस्ट्रेशन, फिटनेस व परमिट के वाहन चलाने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा और वाहन भी जब्त हो सकता है।

### छात्र-छात्राओं को चालकों को करेंगे जागरुक

इस अभियान के अंतर्गत पुलिस बल द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। राहगीर योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना, कैशलैश योजना आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विदिशा पुलिस ने नागरिकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवस्था में सहयोग दें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जन-सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यातायात के नियमों का पालन करते हुए दूसरों को भी नियमों का पालन करने के लिए समझाइश दें।

---

गुंडा लिस्ट में शामिल अपराधियों की धरपकड़

# चाकूबाजी करने वाले 5 आरोपी धराए, पुलिस ने जुलूस निकाला



**विदिशा।** मुख्य बाजार से गुंडे बदमाशों का जुलूस निकालती हुई पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस ने चाकूबाजी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने सोमवार को इन आरोपियों का सार्वजनिक जुलूस निकाला। थाना प्रभारी आरके मिश्रा के अनुसार सभी आरोपी थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल हैं। इन पर पहले भी चाकूबाजी और मारपीट के कई मामले दर्ज हैं।

### जहां गुंडागर्दी करते थे वहीं निकाला जुलूस

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों को पुलिस बल की मौजूदगी में सड़कों पर घुमाया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराधियों में कानून का खौफ पैदा करना है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया। उनका मानना है कि ऐसी नियमित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध कम होंगे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# अंधे कत्ल का पर्दाफाश करने वाली पठारी पुलिस एसपी से सम्मानित



**विदिशा।** अंधे कत्ल का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

थाना पठारी पुलिस द्वारा ग्राम शहरवासा में हुए अंधे कत्ल का सफल पर्दाफाश करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का गहन विश्लेषण किया। लगभग 150 से अधिक लोगों से पूछताछ की तथा लगातार दबिश देकर आरोपियों तक पहुंची। तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई। इस सराहनीय कार्रवाई के आज 8 सितंबर को पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में थाना प्रभारी सहित पूरी पुलिस टीम को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

# बारिश का कोटा समय से पहले पूरा जिले के सभी बांध 95% से ज्यादा भरे

**हलाली से** 112.97 क्यूमेक छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इस साल बारिश का कोटा समय से पहले ही पूरा हो गया है। जिले में सामान्यतः 15 सितम्बर तक लगभग 42.34 इंच बारिश होती है। इस बार पिछले दिनों हुई बारिश के कारण 42.35 इंच बारिश दर्ज की गई है।

ये रिकॉर्ड 2022 के बाद दूसरी बार बना है। पिछले साल 21 अगस्त को ही सामान्य बारिश का आंकड़ा पूरा हो गया था। लगातार बारिश से जिले की नदियां, तालाब और बांध लबालब भर गए हैं। हलाली बांध का जलस्तर गुरुवार को 99 फीट तक पहुंचने पर दो गेट खोले गए। शुक्रवार को जलस्तर 104 फीट तक पहुंचने पर एक और गेट खोलना पड़ा। वर्तमान में हलाली डैम के दो गेट से 112.97 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है। डैमों का जलभराव अधिकतम 95% तक रखा जाएगा।

### पठारी में ज्यादा, गुलाबगंज में कम

इस साल सबसे ज्यादा बारिश पठारी तहसील में और सबसे कम गुलाबगंज तहसील में हुई है। राजस्व विभाग के आंकड़ों के अनुसार विदिशा में 45.55 इंच, गंजबासौदा में 37.40 इंच, कुरवाई में 43.84 इंच, सिरोंज में 40.43 इंच, लटेरी में 41.89 इंच, ग्यारसपुर में 44.99 इंच, नटेरन में 44.25 इंच और शमशाबाद में 43.50 इंच बारिश दर्ज की गई है।

# कम वेतन से नाराज कर्मचारियों ने बंद कीं राशन दुकानें, किसान सेवाएं ठप्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मध्यप्रदेश में सहकारी संस्थाओं के करीब 55 हजार कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसमें प्रभारी प्रबंधक, प्रबंधक, लेखापाल, ऑपरेटर, लिपिक और चौकीदार शामिल हैं। इसी कड़ी में विदिशा में भी कर्मचारियों ने हड़ताल की। हड़ताल के चलते प्रदेश की सभी सहकारी समितियां और उचित मूल्य की दुकानें बंद हो गई हैं। इससे गरीब परिवारों को राशन नहीं मिल पा रहा है। किसानों को खाद-बीज और कृषि ऋण की सुविधा भी नहीं मिल रही है।




### कर्मचारियों की मिनिमम सैलरी फिक्स करने की मांग

कर्मचारियों की मुख्य मांग वेतन वृद्धि है। वे विक्रेताओं को कलेक्टर दर के अलावा 3000 रुपए, सहायक प्रबंधक को 25 हजार रुपए, ऑपरेटर को 17 हजार रुपए और सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 15 हजार रुपए वेतन की मांग कर रहे हैं। कर्मचारी संघ का आरोप है कि भोपाल से आदेश जारी होते हैं पर जिलास्तर पर लागू नहीं होते। जब तक सरकार ठोस फैसला नहीं लेती हड़ताल जारी रहेगी।

---

### गर्ल्स कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता हुई

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में हिंदी पखवाड़े के तहत भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिंदी और हम विषय पर अपने विचार रखें। कॉलेज प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने कहा कि हिंदी हमारे हृदय से जुड़ी हुई भाषा है और वह हम भारतवासियों को आपस में जोड़ती है। प्रतिभागियों ने हिंदी को भारत की संस्कृति, सभ्यता, राष्ट्रीयता, एकता से जोड़कर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक अस्मुरारी नंदन मिश्र ने बताया कि कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इनमें छात्राओं के लिए भाषण, काव्यपाठ, निबंध, प्रश्नमंच जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग के द्वारा किया गया। इस दौरान हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो. किरण जैन, विनय कुमार पाठक, कोमल कुशवाह, सुनील धाकड़ सहित प्राध्यापक मौजूद रहे।

# किसानों की परेशानी सुनी, मंत्री के लापता होने के पोस्टर लगाए




**विदिशा।** जिले की गुलाबगंज तहसील के ग्राम मेहरूखेड़ी में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में खाद विपणन सहकारी संस्था पहुंचकर खाद लेने के लिए लाइन में लगे किसानों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं। समिति प्रबंधक से बात कर समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किसान बहुत परेशान हो रहे हैं एक से तीन अधिकतम बोरी यूरिया डीएपी दिया जा रहा है। साथ ही नैनो डीएपी, नैनो यूरिया जबरदस्ती दिया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि किसानों को परेशान न किया जाए अन्यथा किसानों की लड़ाई सड़क से लेकर विधानसभा तक उठाएंगे। साथ ही खाद की कालाबाजारी रोकने एवं मप्र के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना के लापता के पोस्टर लगाए।

### अपर कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा की

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेस्ल्पलाइन, समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम के साथ-साथ वरिष्ठ कार्यालयों तथा जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों के निराकरणों की समीक्षा की है।
अपर कलेक्टर ने जिलाधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन आवेदनों पर विशेष ध्यान दें। ऐसे अनेक आवेदन हैं जो 100 दिवस से ऊपर हो गए हैं यह आवेदन विभागीय कार्यप्रणाली को दर्शाते हैं। बैठक में मुख्यतः सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज 50 दिवसीय, 100 दिवसीय, आयुष्मान कार्ड, समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम की रिपोर्ट, सौ दिवस के लंबित समाधान रिपोर्ट, विभागवार जारी ग्रेडिंग रैकिंग सूची के अलावा विभिन्न विभागो के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई।

# बेतवा नदी से 1300 मूर्तियां निकालीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बेतवा नदी में विसर्जित ऐसी गणेश प्रतिमाएं जो पीओपी की थीं और पानी में नहीं लग रहीं थी उन्हे नदी से बाहर निकाला गया। आदर्श तिवारी के साथ प्रियंका रघुवंशी, देव शर्मा, आदित्य तिवारी, संदेश शर्मा और प्रबल शर्मा ने मिलकर बेतवा नदी से लगभग 1300 से अधिक गणेश जी की प्रतिमाएं निकालीं और उन्हें जानकी कुंड में विसर्जित किया। इन प्रतिमाओं में से अधिकांश प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी हुई थीं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं और पानी में कई दिनों तक रहने के बाद भी यह नहीं गलती इसलिए इन्हे नदी से निकालकर जानकी कुंड में विसर्जित किया।



**विदिशा।** नदी से निकालकर प्रतिमाओं को जानकी कुंड ले जाते टीम के सदस्य।

### पीओपी की प्रतिमाओं पर पूरी तरह से लगे रोक

आदर्श तिवारी और उनकी टीम ने अपील की है कि भविष्य में पीओपी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग न किया जाए और पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं का ही उपयोग किया जाए। इस पहल का उद्देश्य नदियों और जल स्रोतों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखना है। आदर्श तिवारी और उनकी टीम ने प्रशासन से भी अनुरोध किया है कि वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कदम उठाएं और पीओपी से बनी प्रतिमाओं के उपयोग पर रोक लगाएं।

---

**स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल** में 69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ

# 300 खिलाड़ी, 170 विभागीय कर्मचारियों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्प्रिंगफील्ड स्कूल में 69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में प्रदेशभर से करीब 300 खिलाड़ी, 60 तकनीकी अधिकारी और 170 विभागीय कर्मचारी शामिल हुए।

शुभारंभ के मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, स्प्रिंगफील्ड स्कूल के चेयरमैन योगेंद्र राणा, प्राचार्य विनय अग्रवाल एवं भरत यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।




**विदिशा।** प्रतियोगिता के शुभारंभ पर सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते छात्र।

स्प्रिंगफील्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान मप्र का राज्य ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण का दायित्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने निभाया। वहीं खिलाड़ियों और कार्यक्रम के विधिवत शुभारंभ की घोषणा नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने की। कार्यक्रम प्रतिवेदन का वचन डीपीसी आरपी लखेर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर करन राणा, मीनल राणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लिली जैन, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी के. सिंह, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अंबेश सोनी, माधवगंज क्रमांक-1 की प्राचार्य इंदुमती खरे वरिष्ठ खेल शिक्षक राजेंद्र यादव अनिल सोनी, कुपदीप भारती सहित अतिथि खेल शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक भूपेंद्र शर्मा के साथ स्कूल के छात्र निमित्त सोनकर और यशिता बघेल ने किया।

# 20 लाख की लागत से बनाया जा रहा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य डेढ़ साल से अधूरा पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

तहसील कार्यालय परिसर में जनता की सुविधा के लिए स्वच्छता अभियान के तहत 20 लाख की लागत से बनाया जा रहा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य डेढ़ वर्ष से अधिक समय से अधूरा पड़ा हुआ है। टेंडर के अनुसार ठेकेदार को तीन माह में तैयार करना था। लेकिन विभागीय अनदेखी के चलते डेढ़ साल से काम बंद पड़ा है।

निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार का कहना है कि विभाग से भुगतान न मिलने के कारण उसने काम रोक दिया है। कई बार अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी राशि जारी नहीं हुई। इधर तहसील में आने वाले नागरिकों ने इस मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। आशीष जैन ने कहा स्वच्छ भारत मिशन की बात होती है, लेकिन तहसील में ही शौचालय अधूरा है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत होती है।




### पोर्टल बंद होने से राशि नहीं आ पा रही

शासन के पीएफएमएस पोर्टल बंद होने के कारण राशि नहीं आ पा रही है। अब नया पोर्टल स्पर्श शुरू हुआ है जिसमें हमने राशि की मांग की है राशि आने पर जल्द ही कार्य शुरू करा देंगे। - **विजय इवने,** इंजीनियर नगर परिषद शमशाबाद

### सिर्फ तीन लाख मिले

सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य मैंने 8 से 9 लाख रुपए का छत स्तर तक कर दिया। लेकिन मुझे केवल 3 लाख रुपए की राशि मिली है। राशि के अभाव में काम बंद है।
- **अभिषेक उपाध्याय,** ठेकेदार

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2751
उच्चतम भाव-3255
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2550
उच्चतम भाव- 2773
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2550
उच्चतम भाव- 2550
चना
न्यूनतम भाव-4130
उच्चतम भाव-5950
मसूर
न्यूनतम भाव-4250
उच्चतम भाव-8210
तेवडा
न्यूनतम भाव-2725
उच्चतम भाव- 3390
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2430
उच्चतम भाव-4625
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव- 7900
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव- 6500
धान
न्यूनतम भाव-1542
उच्चतम भाव- 2805
उड़द
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव- 1800
तुअर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव- 5150
धनिया
न्यूनतम भाव-6660
उच्चतम भाव- 6660
बटरी
न्यूनतम भाव-2760
उच्चतम भाव- 4100

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 6693 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।


## खबर संक्षेप

### पितृ स्मरण में कथा के लिए निकली कलश यात्रा

**गंजबासौदा।** 9 सितंबर से 21 सितंबर तक होने वाली पितृ स्मरण में श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम कथा के लिए आज शाम श्री शीतला माता मंदिर से मंगल कलश यात्रा निकाली गई। कथावाचक पंडित केशव गुरु ने बताया कि पितृ स्वरूप भगवान जनार्दन हरि की कृपा और करुणा से एवं पितृ देवता की प्रेरणा से विगत 15 वर्षों से पितृपक्ष में पितरों की प्रसन्नता के लिए, वार्ड क्रमांक 17 व 18 में स्थित श्री मुरलीधर छैलबिहारी के मंदिर में भगवान जनार्दन हरि का अभिषेक, पितृ तर्पण भागवत कथा एवं श्री राम कथा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। उसी क्रम में इस वर्ष भी कार्यक्रम संपन्न हेतु आज एक मंगल कलश यात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई श्री मुरलीधर छैल बिहारी जी के मंदिर गणेशपुरा पहुंची। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर, श्रीमद् भागवत जी की पूजा अर्चन के साथ स्वागत किया गया। महिलाएं सिर पर मंगल कलश रखकर, मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। कलश यात्रा में कथा वाचक पंडित केशव शास्त्री एवं गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी जी के सानिध्य में बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं शामिल रहीं।

## चंद्रग्रहण की झलकियां ......





गंजबासौदा। रविवार को रात्रि 9 :58 बजे चंद्रग्रहण शुरू हुआ और 8 सितंबर की देर रात 1:26 बजे समाप्त हो गया। 82 मिनट के चंद्रग्रहण के दौरान चंद्रमा की अद्भुत छटाएं देखी गईं। जिसे छायाकार राजा छारी ने अपने कैमरे में कैद किया।

### नपा प्रशासन ने की नागरिकों से 15 दिवस में ईकेवायसी कराने की अपील

# ई-केवायसी बगैर नहीं मिलेगा नागरिकों को योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




आगामी समय में शासन की किसी भी शासकीय योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही को समग्र आईडी की ई केवायसी कराना अनिवार्य रहेगा। इसके लिए शासन स्तर से अंतिम तिथि को 31 अगस्त से बढाकर 15 सितंबर कर दिया गया है। इसलिए नपा प्रशासन ने सभी हितग्राहियों और नागरिकों से अपील की है कि वे शीघ्र अपनी समग्र आईडी की ई केवायसी करा लेंवे, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके।

नपा प्रशासन द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि सामाजिक न्याय विभाग ने मध्य प्रदेश, केन्द्र शासन द्वारा संचालित किसी भी योजना का लाभ लेने के लिये हितग्राहियों को समग्र आईडी की ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए पूर्व में 31 अगस्त 2025 तक का समय दिया गया था। किन्तु नियत समय पश्चात भी कई हितग्राहियों, नागरिकों ने समग्र आईडी की ईकेवायसी नहीं कराई है तथा शासकीय जनचिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से आयुष्मान कार्ड की ईकेवायसी नहीं कराई है। ऐसे में वंचित नागरिकों को ई केवायसी कराने के लिए शासन ने अंतिम तिथि 15 सितंबर तक बढा दी है।

ऐसे लोग 15 दिवस के अंदर संबंधित विभाग से अपनी-अपनी समग्र ईकेवायसी सम्पन्न करा लेवें। नगरपालिका द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऐसी परिस्थिति में 15 दिवस पश्चात जिन हितग्राहियों की समग्र ईकेवायसी सम्पन्न नहीं होगी, तो ऐसे हितग्राही आयुष्मान कार्ड, संबल योजना, कर्मकार मण्डल योजना, खाद्यान योजना, पेंशन, आवास योजना, लाडली बहना योजना एवं शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के लाभ से वंचित हो जायेंगे। नगरपालिका प्रशासन ने सभी हितग्राहियों से शीघ्र ई केवायसी कराने की अपील की है। जिससे शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को आसानी से मिल सके।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का महत्व, देश और समाज के लिये शिक्षा की आवश्यकता, संविधान के मूल भूत अधिकार, कर्तव्य, साइबर अपराध, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, पीड़ित प्रतिकर योजना, निःशुल्क विधिक सहायता, सूचना का अधिकार अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, नालसा बच्चों को मैत्री पूर्ण विधिक सहायता सेवा 2015 , नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई।

शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एडवोकेट शेर सिंह यादव, प्राचार्य कैलाश नारायण यादव, प्रधानाचार्य शैलेंद्र राजपूत, हरि सिंह कुशवाहा, चरणसिंह, मुस्कान रघुवंशी एवं विद्यालय परिवार से समस्त बहिन व भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अदिति भार्गव ने किया।

### छिंदवाड़ा में रघुवंशी समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न




**गंज बासौदा।** रघुवंशी समाज का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन छिंदवाड़ा में सम्पन्न हुआ। इस महाअधिवेशन में न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश के अनेक प्रांतों गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से आए समाजबंधु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। विदिशा जिले से भी रघुवंशी समाज के स्वजातीय बंधुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। अधिवेशन में 22 बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें समाज की परंपरा, संस्कृति और संगठनात्मक चेतना को सशक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर समाज बंधुओ ने अपने-अपने विचार रखे। चर्चा के दौरान प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त करते हुए संकल्प पारित किए गए। विभिन्न जिलों से आए सामाजिक बंधुओं ने अपने-अपने जिलों में चलाई जा रही समाज सुधार की सामाजिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। रघुवंशी समाज का यह दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन छिंदवाड़ा के चांद रोड़ स्थित वृंदावन लॉन में संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी, रघुवंशी समाज छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष निरंजन सिंह चौधरी सहित वरिष्ठजनों, प्रांतीय प्रतिनिधियों और प्रमुख पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम और यज्ञ सम्राट रघुवंशी संत शिरोमणि कनक बिहारी दास महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। आयोजन समिति के चक्रपाल सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस आयोजन में शिक्षा, संगठन, संस्कृति, विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन, महिला सशक्तिकरण, युवा जागरूकता, समाज की आर्थिक प्रगति और प्रौद्योगिकी के उपयोग जैसे मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ। भारत वर्ष से रघुवंशी प्रतिनिधित्व के लिए अयोध्या में सकल रघुवंशी समाज का एक भव्य भवन बनने पर भी सहमति व्यक्त की गई। इसके अलावा समाज को ओबीसी वर्ग में शामिल करने के लिए पूरे मध्य प्रदेश में प्रत्येक जिले से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने, वही श्री राम जन्मभूमि न्यास अयोध्या में रघुवंशी समाज को प्रतिनिधि के रूप में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देने पर सहमति सहित प्रस्ताव पारित किया गया। इस अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

## विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य विद्यावैली हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों ने प्रदेश स्तरीय यांगता प्रतियोगिता में मृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का एवं नगर का नाम रोशन किया है। इंदौर में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र निमेष यादव कक्षा 12, मयंक गौड़ कक्षा 12 एवं साईं दांगी ने उक्त प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। छात्रों को विद्यालय की प्रबंध समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन, सतेन्द्र सिंह राजपूत, अशोक जैन, पंकज जैन, प्राचार्य वीरेन्द्र सक्सेना, गौरव जैन, सिद्धार्थ जैन, मोहन योगी, मानसी जैन, प्रतिभा मिश्रा, शालिनी रघुवंशी, सानिया खान, शिवानी मीणा, मिलन जैन, दीपिका अग्रवाल, हर्षिता जैन, अंजलि राजपूत, आयुषी, सुरेन्द्र जैन, सोनिका रघुवंशी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सिटी पुलिस ने बच्चों को परिजनों से मिलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को दोपहर 1.30 बजे फरियादी कमला पत्नी संतोष चन्देरिया निवासी वार्ड नंबर 4 रविदास कालोनी ने सिटी कोतवाली पहुंचकर सूचना दी कि उनका बेटा राज चन्देरिया उम्र 11 वर्ष सेंट आरएसएस स्कूल में कक्षा 5 में अध्यनरत है। जो सुबह लगभग 11.30 बजे अपने दोस्त रूद्र प्रताप अहिरवार उम्र 8 वर्ष एवं वैभव अहिरवार उम्र 10 वर्ष के साथ स्कूल गया था, जो स्कूल नही पहुँचा। पुलिस ने सूचना प्राप्त होने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम रवाना कर शहर के विभिन्न स्थानों पर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों सीसीटीव्ही फुटेज के माध्यम से बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन पर तत्काल तलाश रवाना की गई। पुलिस टीम के द्वारा तीनों बालकों को रेलवे स्टेशन के पास से तलाश करने पर मिले। जिन्हें थाना लाकर परिजनों को सूचित किया गया। बालकों द्वारा बताया कि स्कूल से बंक मारकर पिज्जा पार्टी करने गये थे एवं अपने साथ कोई घटना घटित नही होना बताया। तीनों बालकों को परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्य में सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, अभिषेक शुक्ला, शिवानी मिश्रा, उर्जन सिंह, अरूण छारी, सुरेन्द्र मुवेल, दीपेश यादव, आजाद सिंह की भूमिका रही।

### यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस द्वारा नगर में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस निरीक्षक निरपत सिंह के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को कंजना की पठार एवं जय स्तंभ चौक पर वाहनों की जांच की। इस दौरान दो पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन, तीन सवारियां बैठाने, नंबर प्लेट न लगी होने, लायसेंस न होने आदि की जांच की गई। जिसमें कमी पाए जाने पर 15 वाहन चालकों के 6700 रुपए के चालान बनाए गए और राशि वसूल की गई। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह ने बताया कि वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 5 चार पहिया वाहन एवं 10 दो पहिया वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। यातायात निरीक्षक ने आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहन पूरे दस्तावेजों के साथ और नियमानुसार चलाएं। सुरक्षा के लिए हैलमेट पहनें, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, लायसेंस होने पर ही वाहन चलाएं, सुरक्षा का ध्यान रखें आदि की हिदायत वाहन चालकों को दी गई।



### श्रीमद् भागवत गीता क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# क्विज प्रतियोगिता में डॉल्फिन, नवांकुर की टीम विजयी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सार्वजनिक वाचनालय एवं पुस्तकालय तिलक चौक विदिशा के संयोजन में श्रीमद्भगवद् गीता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डॉल्फिन व नवांकुर की छात्राऐं विजयी रहीं। इस अवसर पर कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष डॉ विजय जैन, कार्यक्रम संयोजक, कार्यकारिणी समिति उपाध्यक्ष प्रोफेसर केके पंजाबी, कार्यकारिणी समिति मंत्री लक्ष्मीकांत कालूस्कर, कार्यकारिणी समिति उपमंत्री एडवोकेट सतीश खत्री, सदस्य गण डॉ सुरेश गर्ग, ब्रजकिशोर गोयल, सुल्खान सिंह हाडा और डॉक्टर परमानंद मिश्र आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में डॉल्फिन टीम की छात्रा उपासना जाट कक्षा 10 व सौम्या यादव कक्षा 10 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें पुरस्कार के रूप में 2000-2000 की नगद राशि व 500-500 की पुस्तकें कुल 5000 की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। नवांकुर टीम की छात्रा अंतरा दुबे कक्षा 12 व अनन्या रघुवंशी कक्षा 9 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें 1000-1000 की नगद राशि व 500- 500 की पुस्तकें कुल 3000 की राशि प्रदान की गई। वहीं नवांकुर की ही छात्रा भूमि रघुवंशी कक्षा 12 व ऋतु साहू कक्षा 11 ने सांत्वना पुरस्कार के रूप में 500-500 की राशि तथा 500-500 की पुस्तकें कुल 2000 की राशि प्राप्त की। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। विद्यालय स्तर पर डॉल्फिन में 73 विद्यार्थियों ने व नवांकुर में कुल 151 विद्यार्थियों ने इसमें सहभागिता की, जिनमें से उपर्युक्त छात्राओं का चयन जिला स्तरीय क्विज के लिए किया गया। जिला स्तर पर आयोजित क्विज में 26 टीमों के 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एक टीम में दो विद्यार्थी शामिल थे। सभी विद्यार्थी हर्ष और उत्साह से भरपूर थे। द्वितीय चरण यानि फाइनल में उपासना व सौम्या ने 46 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व नवांकुर की छात्रा अंतरा एवं अनन्या ने 34 अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा नवांकुर की ही भूमि रघुवंशी और ऋतु साहू की टीम ने 28 अंक लेकर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। डॉल्फिन की छात्राओं की इस उपलब्धि में शिक्षक अरविंद कुमार सेन व नवांकुर की छात्राओं की उपलब्धि में वरिष्ठ शिक्षक शंभू सिंह रघुवंशी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं योगदान रहा। सार्वजनिक वाचनालय एवं पुस्तकालय ऐसे क्विज का आयोजन प्रतिवर्ष करता है, पिछले वर्ष भी गांधी सुमिरन मंच के माध्यम से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें नवांकुर ने बाजी मारी थी। नवांकुर, डॉल्फिन परिवार ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

# आपका छोटा सा लेकिन सजग सीपीआर बचा सकता है जान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में एम्स भोपाल से आए डॉक्टरों ने बताया कि सी.पी.आर देकर कैसे लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने व्यवहारिक प्रशिक्षण देते हुए बताया कि अगर कोई व्यक्ति अचानक बेहोश हो जाए या सड़क पर गिर जाए, तो सही समय पर सी.पी.आर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। ज्ञात हो कि भोपाल से आए डॉक्टरों के दल ने कार्यशाला के दौरान सेंट एसआरएस विद्यालय के शिक्षकों को संस्था डायरेक्टर केएस यादव मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव की उपस्थिति में सीपीआर की ट्रेनिंग दी।

इस दौरान चिकित्सक दल द्वारा लाए मानव के पुतलों पर सीपीआर देकर शिक्षक परिवार को सीपीआर देने का अभ्यास कराया गया। एम्स भोपाल से आए डॉ. गुरुदर्शन. एस, डॉ. सेथिल कुमारन. डॉ अजय कुमार कटोच, सौरभ राय, संजीव कुमार कुशवाहा, कृष्ण कुमार सोनी, विकास निवेदिया ने बताया कि आपातकाल की स्थिति में क्या-क्या करना चाहिए, उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति की जान बहुत कीमती होती है और सीपीआर एक ऐसा तरीका है जिससे किसी की भी जान बचाना संभव है।

खासकर तब जब मेडिकल मदद पहुँचने में देर हो रही हो। अगर कोई व्यक्ति सड़क पर या किसी अन्य स्थान पर अचानक गिर जाए और सांस न ले रहा हो, तो सबसे पहले उसकी स्थिति की जांच करें, फिर तुरंत अस्पताल या एंबुलेंस को कॉल करें, अगर मदद आने में समय लग रहा है, तो आप खुद भी सी.पी.आर देकर उसकी जान बचाने की कोशिश कर सकते हैं। साथ ही, कोशिश करें कि पीड़ित को किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए जहाँ उसे और आपको कोई खतरा न हो। उक्त कार्यशाला में शिक्षक परिवार ने सीपीआर देने का व्यवहारिक अभ्यास भी किया।

### 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, पहले दिन हुए बालक वर्ग के उद्घाटन मैच

# जनजातीय कार्य विभाग ने नर्मदापुरम संभाग की टीम पर 2-0 से गोल दागकर दिखाया दमदार खेल का प्रदर्शन

## नगरवासियों ने पुष्प वर्षाकर जगह-जगह किया खिलाड़ियों का भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सोमवार को सांदीपनि स्कूल के मैदान पर 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम के साथ हुआ। इस मौके पर विधायक उमाकांत शर्मा ने मंचासीन अतिथियों के साथ खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता के प्रारंभ होने कि घोषणा की। इसके पूर्व प्रदेश के दस संभागों से सिरोंज पहुंची बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने दल सुबह 11बजे बस स्टैंड से एक मार्च पास्ट रैली भी निकाली, जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकली मार्चपास्ट रैली का नगरवासियों एवं सामाजिक संस्थाओं ने भव्य स्वागत किया।

पांच दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में लीग, सेमीफाइनल फाइनल सहित कुल 48 मैच होंगे। प्रतियोगिता का पहला उदघाटन मैच बालक वर्ग में जनजातीय विभाग एवं नर्मदापुरम के बीच एवं बालिका वर्ग का मैच शहडोल एवं जनजातीय विभाग के बीच हुआ। इसके बीच प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रतिवेदन खेल शिक्षक जमशेद खान ने व्यक्त किया। संचालन संतोष शर्मा एवं आभार बीईओ उमेश सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, लटेरी नपा प्रतिनिधि संजय अत्तू भंडारी, रमेश यादव, एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, एसडीओपी सोनू डावर, सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य महेश ताम्रकार,सहित निजी स्कूलों के संस्थाध्यक्ष सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### आप वे सौभाग्यशाली जिन्हें 69 वर्ष पुरानी प्रतियोगिता को खेलने का मौका मिल रहा

दोपहर करीब बारह बजे मार्चपास्ट रैली के सांदीपनि स्कूल के मैदान पर पहुंचने के उपरांत संपन्न हुए मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि आज जिस मैदान पर आप सभी खेल प्रतिभाएं पधारी हैं यह बड़ा ऐतिहासिक है। अनेक बड़ी प्रतियोगिताओं का यह मैदान साक्षी हैं। उन्होने कहा कि विदिशा जिला पुष्यमित्र शुंग की बड़ी ऐतिहासिक क्षेत्र हैं सिरोंज में सेंगर राजवंश का शासन रहा तथा लोक माता देवी अहिल्याबाई का विवाह यहां हुआ है उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि अगर शरीर स्वस्थ है तो हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में प्रगति कर सकते हैं। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा यह 69 वें वर्ष पुरानी प्रतियोगिता है बीच में दो 2 वर्ष कोरोना महामारी के कारण यह हो नहीं सकी थी। आप सौभाग्यशाली है कि अपने खेल प्रदर्शन के बलबूते आपको यहां खेलने का मौका मिल रहा है। उन्होंने विजय के लिए सामूहिकता एवं टीम भावना का महत्व बताते हुए कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सभी प्रकार के खेलो के विकास में उत्तरोत्तर प्रगति हुई है हमारे खिलाड़ियों ने ओलंपिक तथा एशियाई खेलो में भी पदक जीते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ी बच्चों को विजयी भाव का आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### व्यस्थाएं ऐसी कि आप सिरोंज को हमेशा याद करें

इसके पूर्व कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ ओ पी सनोठिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल मात्र शारीरिक दक्षता ही प्रदान नहीं करते बल्कि जीवन में आगे बढ़ना भी सिखाते हैं आप सभी आगामी पाँच दिनों में यहां से ऐसी यादें लेकर जाएं जिससे सिरोंज को हमेशा याद रख सकें। विधायक श्री शर्मा के मार्गदर्शन में हमने सभी खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की है।

### कड़ा संघर्ष ही आपकी सफलता बनेगा

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने खिलाड़ी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी वो खिलाड़ी हैं जिनका संभाग स्तर पर खेलने के लिए चयन किया गया हैं। खेल हमें प्रतिस्पर्धा सिखाता है। हमारे जीवन को ठीक दिषा निर्देशित करता है। आप बेहतर खेले और बड़ी स्पर्धा के लिए चयनित हो। आपका संघर्ष ही आपकी सफलता बनेगा। हार को स्वीकारना भी जीतने की निशानी का पहला कदम होता है।

### आपके जैसा विधायक मिले तो खेल बहुत प्रगति करेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीटीआई संघ के अध्यक्ष सलकन बहादुर ने उद्घाटन समारोह के भव्य कार्यक्रम और नगरवासियो से मिले आत्मीय प्रेम से अभिभूत होकर कहा कि में बड़े गर्व से कह रहा हूं कि या तो हमको यहां होना था या आपके जैसे विधायक हमारे यहां होना चाहिए था। ऐसा स्वागत सत्कार तो राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी नहीं मिलता जितना विधायक जी ने अपने शहर में दिलवाया है हम सभी सदस्यगण एवं खिलाड़ी बच्चे आप सभी से मिले सम्मान से बहुत अभिभूत हैं। जिसकी अमिट छाप हमारे ओर मध्यप्रदेश एसोशिएशन सदैव रहेगी। उन्होंने कहा कि दोनों वर्ग में यहां से जो टीम बनेगी वह राष्ट्रीय स्तर पर





### नगर के मार्गों पर निकली रैली का किया लोगों ने जोरदार स्वागत

फुटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ होने के पूर्व मध्यप्रदेश के दस संभागों से यहां पहुंची बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें बस स्टैंड परिसर पर तात्या टोपे की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए यहां से स्थानीय अधिकारियों के नेतृत्व में मार्च पास्ट रैली शुरू हुई। इस रैली की अगुआई स्थानीय निर्मला कॉन्वेंट स्कूल का दल कर रहा था। इस मार्चपास्ट रैली का कदम कदम पर जनप्रतिनिधियों एवं संस्थाओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मिले अपार प्रेम से अभिभूत सभी छात्र खिलाड़ी भी हाथ जोड़कर सबका धन्यवाद देते हुए चल रहे थे। मार्च पास्ट के उपरांत जब खिलाड़ी छात्र मंच के सामने अपने सम्भाग की श्रेणी में खड़े हुए तब विधायक उमाकांत शर्मा ने स्वयं उनके बीच पहुंचकर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पीटीआई संघ से आए दल का भी सम्मान किया।

### सागर,उज्जैन,षहडोल,नर्मदा पुरम के खिलाडियो ने किया अपना दम

इस राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला रोमांचक मुकाबला बालक वर्ग जनजाति विभाग और नर्मदा पुरम विभाग की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें जनजाति विभाग की टीम ने 2-0 से विजय हासिल की। तो वही दूसरा मुकाबला बालिका वर्ग में शहडोल और जनजाति विभाग की टीमों के बीच हुआ, जिसमें शहडोल ने 2-0 से जीत दर्ज की। इसी के साथ तीसरा मुकाबला बालक वर्ग में उज्जैन और सागर संभाग के बीच खेला गया, जिसमें सागर ने 2- 0 से जीत हासिल की। चौथा मैच बालक वर्ग,भोपाल और ग्वालियर में सम्पन्न हुआ। खेल मैदान पर दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह आयोजन सिरोंज के लिए गौरवपूर्ण क्षण है, जहाँ मध्यप्रदेश के कोने-कोने से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### 10 संभागों के 360 खिलाड़ी दिखाएंगे अपना प्रदर्शन

सोमवार को प्रारंभ हुए 69वी राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारियो के लिए षिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी दो सप्ताह से प्रतियोगिता की तैयारियो में जुटें हुए थें। 12 सितम्बर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 10 संभागो के 360 खिलाडी अपना प्रदर्षन दिखाएगें। जिसमें मध्यप्रदेश के 10 संभागो की 20 टीमो के 360 खिलाडी भाग लेंगें और कुल 48 मैच खेले जाएंगे। इन सभी खिलाडियो के आवास व भोजन की व्यवस्था भी विभाग द्वारा पृथक-पृथक रूप से कर दी गई है। साथ ही षिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को इन चार दिनो तक खिलाडियो के लिए व्यवस्थाओ के प्रबंधन किए गए है।

# औसत से भी डेढ़ गुना हुई बारिश, बारना बांध लबालब, सिंचाई के लिए भरपूर पानी

◆ जिले के उदयपुरा में हुई सबसे अधिक 1986.7 मिलीमीटर बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

इस वर्ष का वर्षा सीजन कुछ अलग रहा। जून जुलाई और अगस्त तीनों महिनों में भरपूर जोरदार बारिश से नर्मदा मैया के साथ प्रमुख नदियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के छोटे-बडे नालों में पानी उफान मारने के साथ निचले हिस्सों में जल भराव की परेशानियों भरी स्थिति भी बनी। औसत से डेढ़ गुना तक बारिश होने से नदी नालों में भरपूर पानी बना रहने के साथ इस वर्ष भू-जल स्तर भी ठीक बना हुआ है।

**धान की फसलों को लाभ :** औसत से डेढ़ गुना बारिश और धान की खेती के लिए जब जरूरत तभी आसमानी बारिश होने से धान की फसलों की स्थिति ठीक बनी हुई है। लगातार जोरदार बारिश के कारण इस वर्ष धान की खेती करने वालें किसानों को बहुत कम ट्यूबवेलों का उपयोग करना पडा। प्राकृतिक बारिश से ही तीन महिनों से धान की क्यारियों में पानी भरा रहने की स्थिति बनी रही।

### बारना बांध लबालब, 7 बार खुले गेट

सीहोर जिले के बक्तरा और बाड़ी, बरेली के साथ उदयपुरा तहसीलों तक बारना बांध की नहरें फैली हुई है। बारना बांध की नहरों में मुख्य रूप से रवि फसलों और अधिक पानी होने पर धान की फसलों के लिए भी पानी छोडा जाता है। जोरदार बारिश के कारण बारना बांध अगस्त माह में ही जल भराव क्षमता के निकट पहुंच गया था। अगस्त माह के बाद सितम्बर में कुल मिला कर 7-8 बार बारना बांध के गेट खोल कर पानी बाहर निकाला जाता रहा।

### औसत से डेढ़ गुना बारिश

पिछले वर्ष और वर्ष भर की औसत बारिश से डेढ़ गुना तक रिकार्ड बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश का रिकार्ड इस वर्ष उदयपुरा के नाम हुआ। जहाँ 1186 मि.मी. बारिश दर्ज की गइ। देवरी में 1408 मि.मी. बाडी में 1291, बरेली में 1495 मि.मी. बारिश दर्ज की जा चुकी है। जिस प्रकार आसमान में बादलों का डेरा बना हुआ है। उससे अभी सितम्बर माह में भी बारिश होने की संभावना है।

भैया-बहनों ने लिया प्रतियोगिता में भाग

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें उत्साहपूर्वक जिले के नो विद्यालयों से आए भैया बहिनों द्वारा विभिन्न खेलों के अपना शानदार प्रर्दशन किया गया।

खेल प्रतियोगिताओं के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती के साथ प्रतियोगिता संयोजक चन्द्रेश खरेलिया, प्रतियोगिता प्रभारी वीरेन्द्र यादव, व्यवस्थापक हीरेन्द्र मालवीय, समिति अध्यक्ष मनोज शान्डिल्य के साथ विद्यालय के आचार्य, दीदियों, खेलो में भाग लेने वाले भैया बहिनों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विद्यालय की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों के विद्यालयों से आए भैया बहिनों द्वारा दिन भर हुई खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रर्दशन किया गया।

# पुलिस ने पकड़ा जुआ, चार कार, 19 मोबाईल व 98 हजार नगद जब्त

### फड़ से 20 जुआड़ियों को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बीती रात पुलिस की टीम ने खरगोन में छापामार कार्यवाही कर एक जुआ फड़ से 20 जुआडियों को पकडा गया। इन जुआडियों के पास से 19 मोबाइल, चार कार, ताश पत्ते और 98000 रू. नगदी राशि भी बरामद की गई।

■ सडक़ों के किनारे होटल एवं ढाबे सट्टा खिलाने के बने अड्डें।

एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती ने पत्रकार वार्ता में पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम और जुआ फड पर की गई कार्यवाही की विस्तार से जानकारी दी।

कस्बा खरगोन और आसपास का क्षेत्र, सडक़ो के किनारें होटल ढाबे सट्टा जुआ खेलने खिलाने के अड्डें बने हुए है। इसी के साथ नगर के कुछ स्थान सटोरियों के प्रिय और हमेशा सट्टा मोबाइल पर ऑनलाईन गेम के माध्यम से हार-जीत के दाव लगाते रहते है।



### पुलिस ने छापामार कार्रवाई में पकड़ा जुआ फड़

*थाना प्रभारी कपिल गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा खरगोन में सूचना मिलने पर छापामार कार्यवाही की गई। 20 लोगो को जो विभिन्न स्थानों से आए थें, 98100 रू. नगदी राशि, उपयोग की गई 4 कार और 19 मोबाईलों को जप्त किया गया। सभी पकडे गए जुआडियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती और टीआई कपिल गुप्ता ने कहा कि अवैध गतिविधियों के विरूद्ध पुलिस की निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।*

### हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई प्रोग्रेसिव पेंशनर्स की बैठक

**बरेली।** रामलीला मैदान परिसर में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो. तहसील शाखा की मासिक बैठक रामप्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरूआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। 80 वर्ष से अधिक आयु के सेवानिवृत शा. कर्मचारियों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में शा. कन्या स्कूल सेवानिवृत हुए पीटीआई शिवनारायण सक्सेना का फूलमाला, शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान के साथ प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो. की सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक में जेपी ठाकुर, अवध नारायण सक्सेना, आरडी श्रीवास्तव, पीएस राजपूत, आरजी धाकड़, अशोक व्यास, गुलाब सिंह धाकड़, सुरेशचंद्र शर्मा, मानसिंह पटेल, सुभाष भार्गव सहित अन्य पेंशनर्स की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में किशोर सिंह ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन अवध नारायण सक्सेना ने एवं आभार डीडी धाकड़ ने व्यक्त किया।

चन्द्रग्रहण के बाद नर्मदा तटों पर पुण्य स्नान के लिए रही भीड़

# नर्मदा तटों व घोघरा नदी किनारों पर पुरखों को जल अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पितृ पक्ष का प्रारंभ चंद्रग्रहण के साथ हुआ। नर्मदा तटों एवं घोघरा, बारना नदियों के किनारों सनातनी लोगों द्वारा अपने पुरखों के लिए विधिविधान के साथ तपर्ण जल अपर्ण किया जा रहा है। रविवार रात्रि में चंद्रग्रहण रहा तो सोमवार अल सुबह से नर्मदा मैया में पुण्य के स्नान डुबकी लगाने तटो पर भीड़ का नजारा रहा। इसी के साथ मंदिरों में अन्न वस्त्र, धन दान करने भी श्रद्धालु सक्रिय बने रहे।

माँ नर्मदा के किनारे तहसील के अलीगंज, मंगलेश्वर मांगरोल धाम, कुब्जा संगम, डूमर, बगलवाडा, मौतलसिर के साथ उदयपुरा तहसील के नर्मदा तट केतोघान, बौरास, पतई, शोकलपुर इत्यादि नर्मदा तटो पर पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों को तपर्ण और जल अपर्ण के लिए सुबह से भीड़ का नजारा बना रहा। नगर से लगी घोघरा नदी के हनुमान गढ़ी घाट पर नगर के लोग तपर्ण कर रहे है।

### पितृ पक्ष की शुरूआत, श्राद्ध भोजन का सिलसिला शुरू



पितृ पक्ष प्रारंभ होने के साथ परिवारों में अपने पितरो की आत्म शांति के लिए श्राद्ध कर्म कराने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। जिस तिथि में परिवार में गमी होती है, उसी तिथि पर तीसरें वर्ष से पितरों को मिलाने का सिलसिला श्राद्ध कर्म भोजन के साथ प्रारंभ होता है। अगले 15 दिनों तक सनातनी परिवारों द्वारा श्रद्धा शक्ति के अनुसार श्राद्ध कार्यक्रम किए जाते है। सनातनी परिवारों द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान बना कर कौआ, गाय, कुत्ता इत्यादि को भी भोजन कराने के साथ गरीबों के बीच अन्न, धन का वितरण किया जाता है।

**कार्यालय श्री गोपाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोबरहेला जिला विदिशा**

पंजी.क्र./डी.आर./बीडीएस/944/15/09/2014 दिनांक 09.09.2025

**वार्षिक आमसभा की सूचना**

श्री गोपाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोबरहेला के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 24.09.2025 दिन बुधवार को स्थान कार्यालय गोबरहेला पर समय दोपहर 2 बजे रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थगित शुदा हुई बैठक आधे घंटे बाद पुनः नियत स्थान पर होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

**बृजकिशोर राठी**
**अध्यक्ष**
**श्री गोपाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित गोबरहेला, जिला विदिशा**

**कार्यालय श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ा कलां जिला विदिशा**

पंजी.क्र./डी.आर./बीडीएस/761/30/08/2010 दिनांक 09.09.2025

**वार्षिक आमसभा की सूचना**

श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ा कलां के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 24.09.2025 दिन दिन बुधवार को स्थान कार्यालय सांकलखेड़ा कलां पर समय दोपहर 2 बजे रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थगित शुदा हुई बैठक आधे घंटे बाद पुनः नियत स्थान पर होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

**सिद्धार्थ सिंह रघुवंशी**
**अध्यक्ष**
**श्री गिरिराज बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांकलखेड़ा कलां जिला विदिशा**

## क्षेत्र के किसान रात-दिन कर रहे अपने खेतों की रखवाली

# खेतों में आवारा पशुओं से किसान परेशान, फसलें कर रहे चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के किसान आवारा पशुओं से परेशान हैं। अपने खेतों को बचाने के लिए किसानों ने मेड़ों पर लोहे की तार फेंसिंग करा दी हैं, लेकिन खुले में घूम रहे मवेशी उन्हें भी तोड़कर खेतों में घुस जाते हैं, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है।

किसान सुरेश साहू, राकेश कुशवाहा, मुकेश नायक, निवास मीणा, दिनेश साहू, दशरथ विश्वकर्मा ने बताया कि लोगों ने अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। गांव में सैकड़ों मवेशी आवारा घूम रहे हैं, जो खेतों में घुसकर फसलों को चौपट करने में जुटे हुए है।

किसानों ने बताया कि इस समय खेतों में धान और सोयाबीन की फसल खड़ी हैं, जिन्हें बचाने के लिए घर का कोई न कोई सदस्य खेत पर दिन रात रखवाली करते है। हालांकि इन आवारा मवेशियों को कई बार गांव के बाहर तक खदेड़ दिया जाता है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से ये गांव में लौट आते हैं। जबकि फसलों को बचाने के लिए किसानों ने कई बार प्रशासन को आवेदन देकर गुहार लगाई है, लेकिन फिर भी प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पेरशान होकर किसानों को ही अपने फसल बचाने के लिए रखवाली करना पड़ती है। हालांकि इसके बाद भी मवेशी खेतों में घुसकर अपने को चौपट करने में लगे हुए है। ऐसी स्थिति में किसानों के लिए खेती अब घाटे का सौदा साबित हो रही है।

**खास बातें**

- आवारा मवेशियों पर लगाम कसने किसान कई बार प्रशासन को सौंप चुके है आवेदन
- दिन-रात खेतों पर रुक कर मवेशियों से अपनी फसल बचा रहे किसान
- ग्रामीण और किसानों ने कई बार गांव से छोड़ा बाहर, लेकिन आ जाते है लौट कर वापस।



## आसमान छू रहे दाम : गरीब और मध्यम वर्ग की थाली से दूर हुई हरी सब्जियां

# महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का जायका, तेल से लेकर गरम मसाला, हरी सब्जियां भी महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

तेजी से बढ़ती कमरतोड़ महंगाई का सीधा असर आमजनों की जेबों पर पड़ने लगा है। आम लोगों का कहना है कि चुनाव के वक्त राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं से बड़े बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद वे कभी वोटरों से बात करना तो दूर समस्याओं की तरफ आंखें फेर लेते हैं। ऐसे हो जाते हैं मानो उनको जन समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। वैसे भी देश प्रदेश में बढ़ती महंगाई ने आमजनों को परेशानी में डाल दिया है।

वर्तमान समय में हरी सब्जियों से लेकर डीजल-पेट्रोल सहित खाने-पीने की वस्तुओं शक्कर, चायपत्ती से लेकर तेल, गरम मसाले से लेकर डॉयफूड्स, दालें आदि पर एक बार जो दाम बढ़े फिर दोबारा कम होने का नाम नहीं लिया। जीएसटी टैक्स ने भी आमजनों से लेकर किराना व्यापारियों की मुसीबत बढ़ा रखी है।

किराना सामग्री महंगी होने से घर में रसोई का जायका बिगाड़ दिया है। रसोई गैस सिलेंडरों से लेकर सब्जियों पर चौतरफा महंगाई की मार पड़ रही है।

**मसालों के दामों में भी तेजी.**

घर की रसोई में मसाले खाने पीने की चीजों में जायका बढ़ाते हैं। किचन का जायका बढ़ाने वाले मसालों में भी तेजी हो गई है। पिछले माह 120 किलो बिकने वाला धनिया अब बढ़कर 160 से 170 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है। मिर्ची, खड़ी मिर्ची नमक, गरम मसाला से लेकर आटा बोरी के दामों में बढ़ोत्तरी हो चुकी है। इसके अलावा शक्कर के दाम में 150 रु. प्रति क्विंटल रेट बढ़ गए हैं। जिससे प्रति किलो दाम 45 से 46रु. किलो हो गए। वहीं घड़ी वाशिंग पावडर साबुन नहाने के साबुनों के अलावा बर्तन धुलाई के केक के दाम बढ़े हैं।कपड़े धोने के साबुन15 से 20 रुपये हो चुके हैं।

**काजू-किशमिश व बादाम के दामों में भी उछाल**

*किराना बाजार में अब काजू बादाम गोला खोपरा से लेकर किशमिश के दामों में भी उछाल आया है जिससे आमजन काफी चिंतित हैं। काजू बादाम से लेकर गोला खोपरा आदि किराना सामग्री पर भी दावों में बढ़ोतरी हुई है ।इसके अलावा दालों में भी तीन फीसदी बढ़ोतरी हुई है ।जिससे लोग परेशान है। किराना सामग्री की शौकीनों ने सरकारों से ड्राई फ्रूट पर बड़े हुए दाम कम करने की मांग उठाई।*



**विदेशों में चावल निर्यात होना ठप**

मध्यप्रदेश से चावल मिलों से बेस्ट क्वालिटी के चावल और बासमती चावल की डिमांड खाड़ी देशों में ज्यादा थी। जब से यूक्रेन और रूस का युद्ध जब शुरू हुआ है, तभी से चावल का निर्यात नहीं हो पा रहा है। उनका जो माल मुंबई के बंदरगाहों पर जमा था, उसकी बिक्री ठप्प हुई है, जिससे चावल का कारोबार लड़खड़ा रहा है, जिससे थोक चावल व्यापारियों की नींद हराम है। थोक चावल व्यापारी एवं मिलर मिथलेश सोनी, राजेंद्र सिंह रघुवंशी उदयपुरा, विकास राठी, अनिल सिंह आदि का कहना है कि रूस युक्रेन देश के बीच छिड़ी जंग ने हमारे कारोबार को बुरी तरह से चौपट कर दिया है। हमारा फिलहाल कारोबार सिमट कर 25 फ़ीसदी रह गया है। यदि इन देशों की लड़ाई जल्द शांत नहीं तो उनके कारोबार पर विपरीत असर पड़ेगा। पिछले एक पेग वाले से डीजल पेट्रोल का भी भाड़ा बढ़ गया है। इस भाड़े बढ़ने की वजह से भी दामों में उछाल आया है। जोश सरसों के तेल प्रति लीटर 150 रुपए मिल रहा था अब उसके दाम बढ़ाकर 160 से 170 हो चुके हैं। इसके अलावा 1 लीटर रिफाइन तेल पिछले महीने तक 155 से 160 रुपए थे था जो अब बढ़कर इसकी कीमतें 175 रुपए से 180 रुपए प्रति लीटर हो चुकी हैं।

**व्यापारी बोले - महंगाई ने हमारे कारोबार को घटाया**

फुटकर किराना व्यापारी गौरी शंकर राय आशीष चौरसिया लोकेश साहू आदि का कहना है कि महंगाई ने हमारे कारोबार को आधा कर दिया है ।बची कसर किराना के माल बाजार सहकारी बाजार सहित ऑनलाइन बिजनेस ने पूरी कर दी है। किराना सामान में अगर हम देखें तो खाद्य सामग्री के दामों में 5 से 20 रुपये की जो बढोत्तरी हुई वह अब सीजन में दाम कम नहीं हो सके हैं।

उल्लेखनीय है कि ज्यादातर खास सामग्री भारत देश के बाहर के देशों से भी निर्यात होकर यहां बिक्री के लिए आती हैं।

**गृहणियों की जुबानी**

**1 कम होना चाहिए दाम**



रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम सरकारों को सोच समझ कर बढ़ाना चाहिए। क्योंकि इसका असर सीधे रसोई घर के मुखिया की जेबों पर पड़ता है। बढ़ी हुई वस्तुओं की कीमत कम होना चाहिए।
- **श्रीमती कृष्णा ठाकुर**, गृहणी

**2** रसोई गैस सिलेंडर से लेकर हरी सब्जियां और किराना सामग्रियों पर चौथ तरफ़ा मार घर के किचन पर पड़ रही है। महीने दो महीनों के अंतराल में बड़े हुए दाम कम नहीं हुए बल्कि और बढ़ा दिए हैं।



- **श्रीमती सविता सेन**, नपाध्यक्ष रायसेन

**3** मोदी, मोहन सरकार बढ़ा रहीं महंगाई।



रसोई गैस सिलेंडरों के दामों से लेकर ड्राई फ्रूट्स दाल और रोज मर्रा की वस्तुओं कीमतों में बार-बार बढ़ोतरी करना ठीक नहीं है। 2 महीने में जब दाम बढ़ गए थे तो कम क्यों नहीं हुए जबाव दें जिम्मेदार।
- **देवेंद्र पटेल**, जिला कांग्रेस अध्यक्ष

## द्वारकाधीश मंदिर के सामने हुआ हादसा

# दो ट्रकों की आमने सामने हुई भिड़ंत, ट्रक क्षतिग्रस्त

◆ दोनों ड्राइवरों ने आपसी रजामंदी से किया समझौता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल विदिशा हाइवे पर हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। वहीं सोमवार को द्वारकाधीश मंदिर वाले मोड़ पर दो ट्रकों की आमने सामने ज़ोरदार भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि दोनों ही वाहनों के ड्राइवरों को कोई चोट नहीं आई वरना गंभीर हादसा घटित हो सकता था। दुर्घटना में आयशर ट्रक का अगला हिस्सा ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं दोनों ही ट्रक के ड्राइवरों ने आपसी रजामंदी से समझौता कर लिया है।

जानकारी अनुसार आयशर ट्रक एमपी 09 जीएफ 2023 सांची से माल खाली कर के भोपाल जा रहा था। तभी वह सलामतपुर के द्वारकाधीश मंदिर पहुंचा तो भोपाल की और से एक ट्रक एमपी 09 एचएच 4350 तेज़ व लापरवाही से चलाते हुए सामने से ट्रक में टक्कर मार दी। जिससे आयशर ट्रक का आगे का कांच टूट गया और अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में ड्रायवर संतोष पिता छुट्टूलाल मालवीय और चंद्रमोहन पिता प्राण सिंह यादव के बीच आपसी समझौता हो गया।

**अंधे मोड़ के कारण होते हैं आए दिन हादसे**

*कस्बे में भोपाल विदिशा हाइवे द्वारकाधीश मंदिर के सामने अंधा मोड़ होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। अभी कुछ समय पहले ही एक तेज़ रफ़्तार कार एक युवक को टक्कर मारते हुए द्वारकाधीश मंदिर की दीवार में घुस गई। टक्कर से युवक के हाथ व सिर में गंभीर चोटें आईं थीं। इस घटना में कार चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक युवक इंद्रजीत सिंह पिता मान सिंह शिल्पकार जो अपनी मोपेड एमपी 38 एस 1034 से घर से दुकान की और जा रहा था को टक्कर मारते हुए मंदिर की दीवार में घुस गई थी। कार की टक्कर से इंद्रजीत को हाथ व सिर में गंभीर चोटें आईं थीं। उसकी मोपेड भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। एक और मामले में तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो कार द्वारकाधीश मंदिर की दीवार तोड़कर अंदर घुस गई थी। जिसमे मंदिर का काफी नुकसान हुआ था। गौरतलब है कि इस अंधे मोड़ पर सुरक्षा के कोई भी उपाय नही किये गए हैं। यहां पर संकेतक भी नही लगाए गए हैं। जिसकी वजह से वाहन चालकों को मोड़ का पता नही चलता और दुर्घटना हो जाती है।*

# सहकारी बैंक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

लंबित समस्याओं के समाधान के लिए जिला सहकारी बैंक के कर्मचारी सोमवार से हड़ताल पर बैठ गए हैं, यह हड़ताल पूरे मध्यप्रदेश में जारी रहेगी। जिला सहकारी तथा उचित मूल्य की दुकान है सभी हड़ताल पर रहेंगे यह कर्मचारी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

सांची के जिला सहकारी बैंक के कर्मचारी सभी हड़ताल पर हैं। यह हड़ताल अनिश्चितकालीन है, जब तक 11 मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस हड़ताल से राशनधारियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा। वही किसानों को खाद वितरण होने में भी समस्या का सामना करना पड़ेगा। हड़ताल में 55 हजार कर्मचारी से अधिक लोग भाग लेने वाले हैं। वहीं मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कुंवर



बीएस चौहान ने बताया कि आज से पूरे राज्यव्यापी में जिला सहकारी बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जो बढ़ी हुई राशि थी वह 34 जिलों में अभी तक नहीं बढ़ाई गई।

सांची के शाखा प्रबंधक नरेश राजपूत ने बताया कि यह हड़ताल अनिश्चित कालीन रहेगी, हमारी मांगे पूरी नहीं होती जब तक हड़ताल जारी रहेगी।

# एक्शन में कलेक्टरः अधिकारियों को थमाए शोकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक ली। किसानों को मूंग उपार्जन की राशि भुगतान में विलंब होने पर उप संचालक कृषि केपी भगत, डीईओ डीडी रजक डीएम वेयरहाउस को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। टीएल बैठक में कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन और विभागीय गतिविधियों की समीक्षा।

कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों तथा निराकरण की प्रगति की समीक्षा के दौरान शिकायतों के निराकरण की गति धीमी होने पर नाराजगी



जाहिर की। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का गंभीरतापूर्वक समयावधि में निराकरण सुनिश्चित कराएं। जिला अधिकारी प्रतिदिन कार्यालय स्तर पर सीएम हेल्पलाईन के निराकरण की मॉनीटरिंग करें।

जिला स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निराकरण की प्रगति अत्याधिक कम होने पर कलेक्टर ने सीएमएचओ एचएन मांडरे एवं सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान नोटिस दिया।

वहीं जल जीवन मिशन की नलजल योजनाओं की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय पर निराकरण में घोर लापरवाही बरतने पर प्रभारी पीएचई ईई गिरीश काम्बले को भी नोटिस जारी किए गए। साथ ही कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश देते हुए एक सप्ताह में निराकरण कराने के निर्देश दिए। जिला विपणन विभाग की लंबित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का भी अवलोकन किया।

## हरिनारायण बने पंचायत सचिव संगठन जनपद सांची के ब्लॉक अध्यक्ष

**सलामतपुर।** सोमवार को पंचायत सचिव संगठन जनपद सांची की बैठक का आयोजन जनपद सभा कक्ष में किया। जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामबाबू दांगी द्वारा की गई। जिसमें पंचायत सचिव उपस्थित हुए। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही हरि नारायण मीणा पंचायत सचिव ग्राम पंचायत उचेर को सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी पंचायत सचिवों द्वारा नवनियुक्त हरिनारायण मीणा को बधाई दी गई।

## सिलवानी के 5 शिक्षकों का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मिला सम्मान

**सिलवानी।** भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में सिलवानी के 5 शिक्षकों को वनमाली शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह समारोह रायसेन के शगुन गार्डन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले भर से चयनित शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान, नवाचार पूर्ण शिक्षण कार्य और शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी पंकज पांडे, डीईओ डीडी रजक, विश्वविद्यालय की डिप्टी रजिस्ट्रार सुनीता जौहरी, समंवयक डॉ. अनिल तिवारी और कार्यक्रम संयोजक रामपाल पठारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिलवानी के शिक्षक अजय कुमार चौरसिया, कमलेश अहिरवार संदीप राजपूत, सतीश साहू एवं मयंक रघुवंशी को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

## किसानों ने एसडीएम मनीष शर्मा को सौंपा ज्ञापन

# कृषि मंडी में बुलाई किसानों की महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार दोपहर को किसान जागृति संगठन द्वारा किसान महापंचायत का आयोजन कृषि उपज मंडी रायसेन परिसर में किया गया। इस महापंचायत में किसानों की समस्याओं, ज्वलंत मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। किसान जागृति संगठन रायसेन द्वारा आयोजित किसान महापंचायत में पीएम फसल बीमा देशी धान का समर्थन मूल्य बासमती धान बढे हुए बिजली बिल, गांव का सीमांकन राजस्व न्यायालय, किसान कर्जमाफी एवं कई बिंदुओं पर किसान महापंचायत में चर्चा की गई।

किसान जागृति संगठन द्वारा सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पास किए गए। अपनी दस सूत्रीय जायज मांगों को लेकर किसानों और किसान जागृति संगठन द्वारा एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया है।

तहसीलदार राजस्व तहसीलदार राजस्व विभाग न्यायालय समाप्त किया जाये। किसान की भूमि बही, खसरा एवं पंजी अक्स पर तहसीलदार



के हस्ताक्षर होते हैं, तहसीलदार राजस्व विभाग का प्रथम हस्ताक्षरकर्ता है।

तहसीलदार ही न्यायालय है, यहां अन्यायपूर्ण व्यवस्था को समाप्त कर तहसीदार को सिर्फ राजस्व विभाग का ही दायित्व दिया जाये। जिससे कि किसान तहसीलदार के खिलाफ कार्यवाही कर सके।

ज्ञापन सौंपने वालों में इरफान जाफरी, राजेन्द्र कुमार राय रज्जु भैय्या, रंजीत यादव, विजय चौकसे, रामस्वरूप राठौर मेहबूब खान, इशहाक अली, लक्ष्मण लोधी, गणेशराम चौहान, भूरा लाल लोधी सहित अन्य मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए किया जल तर्पण

## बेगम नदी के घाट पर हुआ पितरों का तर्पण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में स्थित श्रीराम मंदिर के समीप बहने वाली पवित्र बेगम नदी के तट पर सोमवार को पितरों की शांति हेतु तर्पण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और विधि-विधान से किया गया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

श्रद्धालु प्रातःकाल से ही अपने परिजनों के साथ घाट पर एकत्र होने लगे थे। सबने अपने पितरों का स्मरण करते हुए वैदिक परंपराओं के अनुसार तर्पण किया। कार्यक्रम का संचालन नगर के प्रतिष्ठित वैदिक आचार्य पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने किया, जिन्होंने शास्त्र सम्मत विधियों के साथ तर्पण, पिंडदान एवं श्राद्ध



अनुष्ठान संपन्न कराया।

पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने उपस्थित लोगों को पितृ पक्ष एवं तर्पण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा श्राद्ध और तर्पण से पूर्वजों की आत्मा को तृप्ति मिलती है तथा वंशजों को आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह परंपरा हमारे धर्म और संस्कृति की मूल भावना से जुड़ी हुई है।

कार्यक्रम के दौरान घाट पर धार्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने अपने पितरों को तिल, जल, पुष्प और पिंड अर्पित करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया।